# A report of International Yoga Day Celebration

2017

Department of Human Consciousness and Yogic Science
Gurukula Kangri Vishwavidyalaya, Haridwar

**मानव चेतना एवं योग विज्ञान विभाग, गुरुकुल काँगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार द्वारा तृतीय अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम विश्वविद्यालय एवं राष्ट्रीय स्तर पर सम्पन्न किए गए। जिनमें विद्यार्थियों तथा विश्वविद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।**

## १. "सुरक्षा बलों के लिए योग" राष्ट्रीय स्तर निबंध प्रतियोगिता (*National level Online Essay competition On Yoga for Defence Personnel's)*

मानव चेतना एवं योग विज्ञान विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर "सुरक्षा बलों लिए योग" राष्ट्रीय स्तर निबंध प्रतियोगिता (***National level Essay competition On Yoga for Defence Personnel's)*** का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण देश से 24 निबंध प्राप्त हुए। निर्णायक समिति द्वारा निबंधों का मूल्यांकन किया गया। जिसमें निम्न विद्यार्थी को पुरुष्कृत किया गया:

**प्रथम स्थान: रीना, जैन विश्व भारती इंस्टीट्यूट, लाडनू , राजस्थान**
**द्वितीय स्थान: सकुल गर्ग, अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संकाय, गुरुकुल काँगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार**
**तृतीय स्थान: अंकित कुमार, योग विभाग, गुरुकुल काँगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार**

## २. योग उत्सव विद्यार्थियों के लिए योग (Yoga Fest on Yoga for Youth)

विश्वविद्यालय स्तर पर तृतीय अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों में योग के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के लिए २५ एवं २६ मई, २०१७ को योग उत्सव : विद्यार्थियों के लिए योग (**Yoga Fest on Yoga for Youth)** का आयोजन किया गया। इस योग उत्सव में विशिष्ट आमंत्रित अतिथियों के व्याख्यान आयोजित किए गए तथा विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएँ जैसे वाद-विवाद प्रतियोगिता, योगासन प्रदर्शन प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरुष्कृत किया गया।

## व्याख्यान:

- "युवाओं की समस्याओं का यौगिक समाधान" विषय पर **डॉ॰ सुरेश वर्णबाल**, अध्यक्ष, योग विभाग, देव संस्कृति विश्वविद्यालय, हरिद्वार आमंत्रित व्याख्यान दिया गया।
- "परीक्षा के तनाव एवं चिंता को दूर करने की यौगिक विधियाँ" विषय पर **डॉ॰ ईश्वर भारद्वाज, संकायाध्यक्ष,** आयुर्विज्ञान एवं स्वास्थ्य संकाय एवं विभागाध्यक्ष, मानव चेतना एवं योग विज्ञान, गुरुकुल काँगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार ने व्याख्यान दिया।
- द्वितीय दिवस में "दर्शन में मानव जीवन की समस्याओं का समाधान" विषय पर **डॉ॰ सोमदेव सतांशु** पूर्व संकायाध्यक्ष, प्राच्य विद्या संकाय गुरुकुल काँगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार ने व्याख्यान दिया।

## वाद-विवाद प्रतियोगिता-

इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के विभिन्न संकाय के विभागों के १८ विद्यार्थियों ने भाग लिया। वाद-विवाद का विषय "योग द्वारा विद्यार्थियों का समग्र विकास" रखा गया। डॉ॰ दिनेश चन्द्र शास्त्री एवं डॉ॰ ऊधम सिंह ने इस प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका का निर्वहन किया।

वाद-विवाद प्रतियोगिता में पुरुष्कृत किए गए विद्यार्थियों के नाम:

**प्रथम स्थान: सकुल गर्ग, अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संकाय, गुरुकुल काँगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार**

**द्वितीय स्थान: विवेक कुमार, योग विभाग, गुरुकुल काँगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार**

**तृतीय स्थान: गगनदीप पाठक, योग विभाग, गुरुकुल काँगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार**

## योगासन प्रदर्शन प्रतियोगिता-

योगासन प्रदर्शन प्रतियोगिता में २१ विद्यार्थियों ने भाग लिया। योगासन प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में डॉ॰ राकेश कुमार गिरि एवं डॉ॰ दिलीप कुशवाह ने कार्य किया। प्रतियोगिता में पुरुष्कृत किए गए विद्यार्थियों के नाम:

**प्रथम स्थान: सुनील कुमार, योग विभाग, गुरुकुल काँगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार**

**द्वितीय स्थान: नितिन कुमार, योग विभाग, गुरुकुल काँगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार**

**तृतीय स्थान: प्रशांत, योग विभाग, गुरुकुल काँगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार**

दो दिन तक चले योग उत्सव के उद्घाटन के अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सुरेन्द्र कुमार जी ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया तथा समापन अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रोफेसर विनोद कुमार जी प्रतियोगिताओं में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरुषकृत किया एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए अपनी दिनचर्या में योग को सम्मिलित करने का परामर्श प्रदान किया।




*चित्र: माननीय कुलपति प्रोफेसर सुरेन्द्र कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रोफेसर एम० आर० वर्मा जी संकायाध्यक्ष प्रोफेसर ईश्वर भारद्वाज जी एवं प्रोफेसर सुरेश वर्णबाल जी*




*चित्र: वाद-विवाद प्रतियोगिता के प्रतिभागी बोलते हुए*

## ३. योग के लिए दौड़:

*अंतराष्ट्रीय योग दिवस के प्रति हरिद्वार शहर के नागरिकों में जागरूकता के लिए योग के लिए दौड़ का आयोजन मानव चेतना एवं योग विज्ञान विभाग द्वारा किया गया। जिसमें हरिद्वार शहर के गणमान्य नागरिक एवं विभिन्न शिक्षण संस्थानो के विद्यार्थियों ने भाग लिया। माननीय **कुलसचिव डॉ० विनोद कुमार एवं डॉ० ईश्वर भारद्वाज जी** ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ को प्रारम्भ किया।*




*चित्र: माननीय कुलसचिव डॉ० विनोद कुमार जी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए*



*चित्र: हरी झंडी दिखाते हुए माननीय कुलसचिव डॉ० विनोद कुमार जी, डॉ० ईश्वर भारद्वाज जी एवं डॉ० श्रवण कुमार जी*




चित्र: योग के लिए दौड़ लगाते हुए विद्यार्थी



चित्र: योग के लिए दौड़ लगाते हुए विद्यार्थी

## ४. तृतीय अंतराष्ट्रीय योग दिवस समारोह २१ जून, २०१७

*मानव चेतना एवं योग विज्ञान विभाग, गुरुकुल काँगड़ी विश्वविद्यालय द्वारा* तृतीय अंतराष्ट्रीय योग दिवस समारोह २१ जून, २०१७ *को हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा निर्धारित सामान्य योग आभासक्रम(Yoga Protocol) को सम्पन्न किया गया।*

तृतीय अंतराष्ट्रीय योग दिवस समारोह की अध्यक्षता **माननीय कुलपति प्रोफेसर सुरेन्द्र कुमार जी** ने की एवं मुख्य अतिथि के रूप में **उत्तराखंड सरकार के शहरी विकास मंत्री मदन कौशिक** तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में **हरिद्वार शहर के मेयर मनोज गर्ग**, विश्वविद्यालय के **कुलसचिव माननीय डॉ० विनोद कुमार** सम्मिलित हुए।

इस अवसर पर उत्तराखंड सरकार के शहरी विकास मंत्री माननीय मदन कौशिक ने योग दिवस पर योग जीवन में अपनाने की शपथ दिलाई तथा "सुरक्षा बलों लिए योग" राष्ट्रीय स्तर निबंध प्रतियोगिता (*National level Essay competition On Yoga for Defence Personnel's)* में पुरुष्कृत विद्यार्थियों के नाम की घोषणा की गई




*चित्र: उत्तराखंड सरकार के शहरी विकास मंत्री माननीय मदन कौशिक जी का स्वागत करते हुए योग विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर ईश्वर भारद्वाज*



चित्र: हरिद्वार शहर के मेयर माननीय मनोज गर्ग  का स्वागत करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सुरेन्द्र कुमार



चित्र: योग प्रोटोकॉल का अभ्यास करते विश्वविद्यालय के अधिकारीगण




*चित्र: योग प्रोटोकॉल का अभ्यास करते विश्वविद्यालय के अधिकारीगण*




*प्रोफेसर सुरेन्द्र कुमार माननीय कुलपति जी, डॉ॰ विनोद कुमार माननीय कुलसचिव जी, डॉ॰ ईश्वर भारद्वाज माननीय संकायाध्यक्ष जी*

## *विभिन्न समाचार पत्रों में विश्वविद्यालय की खबरें*

# योग से सीखी स्वस्थ जीवन जीने की कला

**हरिद्वार**, 20 जून (कुलभूषण): सम्पूर्ण विश्व में योग विद्या को औपचारिक शिक्षा के रूप में आरम्भ करने का श्रेय गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय को जाता है। इस भागीरथी प्रयास को मुकाम तक विश्वविद्यालय के योग विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. ईश्वर भारद्वाज ने पहुंचाया है। प्रो. ईश्वर भारद्वाज ने बताया कि इस तृतीय योग दिवस के अवसर पर पूरे हरिद्वार में लगभग 15 स्थानों पर योग शिविर का आयोजन किया, जिनमें जुर्स कंट्री, आर्य वानप्रस्थ आश्रम, नक्षत्र वाटिका, भूमा निकेतन, लाल मंदिर ज्वालापुर, बहदराबाद, कनखल चौक, लक्सर, रुड़की एवं गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय में आयोजित किए गए।

इन शिविरों में आमजनों ने योगाभ्यास द्वारा स्वास्थ्य लाभ अर्जित किया तथा स्वस्थ जीवन जीने की कला को सीखा। कार्यक्रम के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग विभाग द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर सुरक्षा बलों के लिए योग विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। तृतीय अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मुख्य कार्यक्रम में उत्तराखंड सरकार के माननीय कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक मुख्यातिथि व शहर के मेयर मनोज गर्ग विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सुरेन्द्र कुमार करेंगे। कार्यक्रम का संचालन डा. सुरेन्द्र कुमार व डा. ऊधम सिंह द्वारा किया जाएगा। इस दौरान हरिद्वार शहर के गण्यमान्य नागरिक विश्वविद्यालय के कर्मचारियों के साथ योगाभ्यास में सम्मिलित होंगे।

पंजाब केसरी ई-पेपर
Wed, 21 June 2017
epaper.punjabkesari.in//c/1996246

# गुरुकुल के तीन विद्यार्थी चीन की यात्रा पर

हरिद्वार | **हमारे संवाददाता**

तीसरे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भारत सरकार के आयुष मंत्रालय की ओर से 20 युवा योग दूत पांच दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत चीन भेजे गए हैं। इन दिनों में यह समूह अलग - अलग स्थानों पर योग का प्रदर्शन करेगा। चीन में युवाओं के बीच योग को लोकप्रिय बनाने के लिए प्रचार-प्रसार करेगा। इनमें तीन विद्यार्थी गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय हरिद्वार के भी शामिल हैं।

ब्रिक देशों के गेम समिट में इन योग दूतों ने योगाभ्यास कराया। बीजिंग के मशहूर आइकोनिक टैम्पल ऑफ हेवेन में शांति और सद्भाव का संदेश देते हुए योग दूतों ने योग प्रदर्शन किया। इस दल में गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के योग विभाग के विद्यार्थी गणेश प्रसाद, पवन कुमार और राहुल कुमार चौहान शामिल हैं। यह विद्यार्थी अब तक कई राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में शामिल हो चुके हैं। गणेश प्रसाद के आसनों के चित्रों को आयुष मंत्रालय ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के प्रोटोकॉल के लिए प्रकाशित पत्रिका में शामिल किया है। कुलपति प्रो. सुरेन्द्र कुमार, कुलसचिव प्रो. विनोद कुमार, योग विभागाध्यक्ष प्रो. ईश्वर भारद्वाज ने तीनों को शुभकामनाएं भेजी हैं।



हरिद्वार में विश्व योग दिवस की पूर्व संध्या पर प्रेमनगर आश्रम में योगाभ्यास करते लोग • जागरण

# गुरुकुल के छात्र चीन में सिखा रहे हैं योग

जागरण संवाददाता, हरिद्वार : विश्व योग दिवस के अवसर पर भारत सरकार के आयुष मंत्रालय की ओर से 2 युवा योग दूत पांच दिवसीय योग कार्यक्रम के लिए चीन गए हैं। चीन गया दल अलग-अलग स्थानों पर वहां के लोगों को योग कराएंगे।

विवि के जनसंपर्क अधिकारी पंकज कौशिक ने बताया कि विवि के योग विभाग के विद्यार्थी गणेश प्रसाद, पवन कुमार और राहुल कुमार चौहान को चीन रवाना किया है। बताया कि ये विद्यार्थी योग के कठिन अभ्यासों में निपुण हैं और अब तक विवि की ओर से कई राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उल्लेखनीय स्थान प्राप्त हैं। विवि के कुलपति प्रो. सुरेंद्र कुमार, कुलसचिव विनोद कुमार, और योग विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो ईश्वर भारद्वाज ने शुभकामनाएं दी।

### आर्य समाज ने आयोजित किया यज्ञ

रुड़की : अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में मंगलवार को आर्य समाज नंद विहार की ओर से नेहरू स्टेडियम में यज्ञ का आयोजन किया गया, ताकि यौगिक क्रियाओं से मनुष्य के स्वस्थ जीवन में उन्नति का मार्ग प्रशस्त हो सके। उधर, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर नेहरू स्टेडियम में भारत स्वाभिमान न्यास और महिला पतंजलि योग समिति की ओर से आयोजित होने वाले कार्यक्रम के संयोजक देशबंधु ने बताया कि बुधवार को स्टेडियम में योग करवाया जाएगा। इस अवसर पर संजय सिंह, बलवंत सिंह आर्य, सुमंत सिंह आर्य, हाकम सिंह आर्य, हरपाल सिंह सैनी, जवाहर लाल आर्य, पुष्पेंद्र आर्य आदि उपस्थित रहे।

# धर्मनगरी में जगह–जगह होगा योग

## विभिन्न संस्थाओं की ओर से विश्व योग दिवस पर बुधवार को आयोजित होंगे कार्यक्रम

संवाद सहयोगी हरिद्वार : बुधवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर शहर व देहात में जगह-जगह आयोजित कार्यक्रम में लोग योग करते नजर आएंगे। योग दिवस के लिए विभिन्न संगठनों ने तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है।

गायत्री परिवार ट्रस्ट के तत्वाधान में शिवडेल विद्यालय परिसर में सुबह छह बजे से लेकर आठ बजे तक वृहद निश्शुल्क योग शिविर आयोजित किया जाएगा। ट्रस्ट के व्यवस्थापक रामबाबू कुशवाहा ने बताया कि शिविर में योगाचार्य जितेन्द्र रघुवंशी संस्थान से जुड़े प्रत्येक सदस्य को योग का बारीकियों से अवगत कराएंगे। शिविर का उद्घाटन रानीपुर विधायक आदेश चौहान और ग्राम प्रधान अंजू बालिया करेंगे। दूसरी ओर नेहरू युवा केंद्र और युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार की ओर से गुरुकुल कांगड़ी विवि के प्रांगण में अंतरराष्ट्रीय योग शिविर आयोजित किया जाएगा। जिला युवा समन्वयक दिनेश उपाध्याय ने बताया कि शिविर में पांच सौ से एक हजार युवा प्रतिभाग करेंगे। वहीं गुरुकुल कांगड़ी विवि की ओर से योग दिवस के अवसर पर योग शिविर आयोजित किया जाएगा। विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. ईश्वर भारद्वाज ने बताया कि पूरे हरिद्वार में विवि 15 स्थानों पर योग शिविर आयोजित करेगा। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक रहेंगे। आर्य विरक्त वानप्रस्थ आश्रम में स्वामी केवलानंद की अध्यक्षता में योग शिविर का आयोजन किया जाएगा। उधर, प्रेमनगर आश्रम में आयोजित होने वाले शिविर में हरिद्वार सांसद रमेश पोखरियाल निशंक व काबीना मंत्री सतपाल महाराज, काबीना मंत्री मदन कौशिक व क्षेत्रीय विधायक, अधिकारी, संगठन से जुड़े लोग आदि योग करेंगे। वहीं एसएसपी कृष्णकुमार वीके, डीएम दीपक रावत समेत अन्य पुलिस व प्रशासनिक कर्मी भी शिविर में हिस्सा लेंगे।

मानव चेतना एवं योग विज्ञान विभाग गुरुकुल कांगड़ी विवि की ओर से केन्द्रीय योग एवं योग प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान परिषद आयुष मंत्रालय के तत्वावधान में शिव मंदिर में एक माह का निश्शुल्क योग शिविर का आज शुभारंभ किया जायेगा। प्रो. ईश्वर भारद्वाज के निर्देशन में संचालित शिविर में योगाभ्यास के माध्यम से स्वास्थ्य एवं शारीरिक क्रिया कराई जाएगी।





विश्व योग दिवस की पूर्व संध्या पर प्रेमनगर आश्रम में योगाभ्यास करता युवक एवं एक बच्ची • जागरण

# टाटपट्टी से शुरू होकर दुनिया में छाया योग

प्रविंद्र कुमार

हरिद्वार।

यह किसी ने कल्पना भी नहीं कि होगी कि गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय में 1982 में टाटपट्टी पर शुरू हुआ योग चौथे दशक में ही दुनिया पर छा जाएगा। आज दुनिया के अधिकांश छोटे-बड़े देश में गुरुकुल कांगड़ी विवि के छात्र योग का पाठ पढ़ा रहे हैं। विदेशों में नहीं भारत में ऐसे बहुत कम संस्थान ही होंगे जहां गुरुकुल के योगाचार्य शिक्षा न दे रहे हों।

गुरुकुल कांगड़ी विवि में पहली बार प्रो. ईश्वर भारद्वाज के प्रयास से 1982 में योग को एक सर्टिफिकेट कोर्स के शुरू किया गया था। योग के महत्व को देखते हुए इसके एक साल बाद ही योग को बीए में एक विषय के रुप में शुरू कर दिया गया। 1991 में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने पहली बार गुरुकुल कांगड़ी विवि को एमए योग का पाठ्यक्रम चलाने की स्वीकृति दी। इसके एक साल बाद विवि में एमए योग का पाठ्यक्रम शुरू कर दिया गया। भारत की प्राचीन विद्या योग को आगे बढ़ाते हुए देश के पहले विश्वविद्यालय गुरुकुल कांगड़ी में 1996 में पीएचडी का पाठ्यक्रम शुरू किया गया।

गुरुकुल कांगड़ी विवि में मानव चेतना एवं योग विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर डा. सुरेंद्र त्यागी ने बताया कि विवि में एक विदेशी सहित 22 भारतीय छात्र योग में पीएचडी कर रहे हैं। साथ ही एमए और पीजी डिप्लोमा योग में 120, बीए में 225 और सर्टिफिकेट कोर्स में 120 छात्रों को योग का पाठ्यक्रम पढ़ाया जा रहा है।

## 1982 में गुरुकुल में शुरु किया था सर्टिफिकेट कोर्स

## यूजीसी ने 1991 में गुरुकुल को दी थी एमए योग की स्वीकृति



गुरुकुल कांगड़ी विवि में योग सीखते स्पेन से आए छात्र- छात्राएं। (फाइल फोटो)

## तीन छात्र बने चीन में योग एंबेसडर

हरिद्वार (ब्यूरो)। केंद्र सरकार के आयुष मंत्रालय की ओर से देश के 20 छात्रों के चीन में योग का एंबेसडर बनाकर भेजा गया है। जिसमें गणेश प्रसाद, पवन कुमार और राहुल सिंह चौहान गुरुकुल कांगड़ी विवि के हैं। डा. सुरेंद्र त्यागी ने बताया कि यह छात्र योग दिवस के अवसर पर चीन में योग का प्रचार प्रसार करेंगे।

## विदेश में लहरा रहे योग का परचम

हरिद्वार (ब्यूरो)। गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय में कई छात्र विभिन्न देश में योग का परचम लहरा रहे हैं। अमेरिका, रूस, चीन, कनाडा, आस्ट्रेलिया, नेपाल, आस्ट्रिया, जर्मनी आदि देश में विवि के योगाचार्य योग सेंटर और प्रशिक्षण शिविर चला रहे है। विवि में मानव चेतना एवं योग विज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रो. ईश्वर भारद्वाज और डा. सुरेंद्र त्यागी ने बताया कि गुरुकुल कांगड़ी विवि के पूर्व छात्र डा. मनोज कुमार उर्फ स्वामी विश्वकेतु कनाडा में योग सेंटर चला रहे है। उनका ऋषिकेश में योग का बड़ा सेंटर है।

# आज योगमय होगी धर्मनगरी

## शहर में जगह-जगह विभिन्न सामाजिक संस्थाएं करेंगी कार्यक्रम का आयोजन

**अमर उजाला ब्यूरो**

हरिद्वार।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर धर्मनगरी पर भी योग का रंग चढ़ने जा रहा है। हरिद्वार में योग दिवस पर चप्पे चप्पे पर योग के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिला प्रशासन और भाजपा की ओर से प्रेमनगर आश्रम में विशाल योग शिविर का आयोजन होगा। बाबा रामदेव की पतंजलि योगपीठ सहित तमाम सामाजिक, राजनीतिक व धार्मिक संस्थाओं की ओर से जगह जगह शिविर लगाते हुए योगाभ्यास कराया जाएगा। कुल मिलाकर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर धर्मनगरी को योगमय करने की तैयारी है।

संयुक्त राष्ट्र संघ की ओर से योग को अंतरराष्ट्रीय दिवस घोषित करना यूं तो पूरे देश के लिए गर्व की बात है। लेकिन धर्मनगरी हरिद्वार के लिए यह दिवस खास मायने रखता है। दरअसल योग गुरु बाबा रामदेव ने योग को विश्व पटल पर ले जाने का अभियान हरिद्वार से ही शुरू किया। इन्हीं प्रयासों का नतीजा है कि 21 जून को पूरे विश्व में योग दिवस मनाया जा रहा है। बहरहाल देश दुनिया की तरह हरिद्वार में भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर भरपूर उल्लास है। बुधवार को मध्य हरिद्वार स्थित प्रेम नगर आश्रम में जिला प्रशासन और भाजपा की ओर से विशाल योग शिविर का आयोजन किया गया है। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग की ओर से अलकनंदा होटल गंगा तट पर योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यहां शांतिकुंज के डा. सुधांशु वर्मा और आनंद मोहन योग कराएंगे। नेहरू युवा केंद्र में सुबह सात बजे से शुरू होने वाले ‌ेग कार्यक्रम में तमाम युवा मंडलों के प्रतिभागी हिस्सा लेंगे।

केंद्र के युवा समन्वयक दिनेश उपाध्याय ने यह जानकारी दी। श्री गणेश गायत्री परिवार ट्रस्ट की ओर से शिवडेल स्कूल कनखल में सुबह छह बजे से योग शिविर आयोजित किया जाएगा। मंगलवार को प्रधान प्रतिनिधि दिनेश वालिया, योगाचार्य जितेंद्र रघुवंशी, राम बाबू कुशवाहा, वंश नारायण राय, विनीत मिश्रा आदि ने मिलकर कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई। इनके अलावा शहर और देहात में तमाम योग शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

### हरकी पैड़ी पर 10 बजे योग करेंगे हजारों यात्री

हरिद्वार (ब्यूरो)। धर्मनगरी में आए तीर्थयात्रियों को योग कराने का प्रबंध हर की पैड़ी के मालवीय द्वीप पर गंगा सभा द्वारा किया गया है। सवेरे 10 बजे योग केंद्रों से आए योगाचार्य तीर्थयात्रियों को योग कराएंगे। संकल्प के साथ योग को नियमित करने का संदेश गंगा की धरती से दिया जाएगा।





प्रेमनगर आश्रम में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों में लगे आश्रम के साधक।

# कई योग शिविरों का आज होगा समापन

**अमर उजाला ब्यूरो**

हरिद्वार।

शहर में कई जगहों पर योग शिविर चल रहे हैं। कई शिविरों का अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर समापन हो जाएगा।

मानव चेतना एवं योग विज्ञान विभाग गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय में 21 मई से 21 जून तक योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। योग विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. ईश्वर भारद्वाज के निर्देशन में योगाचार्य डा. संदीप वेदालंकार ने सतन, कुसुम, मुनेश, पार्वती, अनुज, शिवम, राधिका आदि योगाभ्यार्थियों को योग का प्रशिक्षण दिया। ऋषिकुल आयुर्वेदिक विश्वविद्यालय ऋषिकुल परिसर के मालवीय सभागार में मंगलवार को योग पूर्वाभ्यास संपन्न कराया गया। निदेशक प्रो. सुनील जोशी के निर्देशन में विभागाध्यक्ष डा. शोभित कुमार ने अलग अलग योगासनों की जानकारी दी। आर्य विरक्त वानप्रस्थ व संन्यास आश्रम में स्वामी केवलानंद की देखरेख में 17 जून से चल रहा योग शिविर भी बुधवार को संपन्न हो जाएगा। मधुसूदन अग्रवाल, आचार्य रामकृष्ण शास्त्री, करुणा माहेश्वरी, नरेंद्र बंसल, प्रेम कुमारी, सुकृति आदि का सहयोग रहा। वहीं कुष्ट एवं असहाय लोक सेवा समिति की ओर से गुघाल प्रांगण में आयोजित योग शिविर और डेंटल व हैल्थ चेकअप शिविर पहले दिन गायत्री मंत्र उच्चारण के साथ शुरू हुआ। अध्यक्ष नारायण आहुजा ने बताया कि बुधवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर 300 से अधिक साधक साधिकाएं शिविर में पहुंचेंगे।

# पीएम मोदी के प्रयासों से दुनिया हुई योगमय: कौशिक

हरिद्वार (ब्यूरो)। विश्व योग दिवस पर गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के मानव चेतना एवं योग विज्ञान विभाग में आयोजित योगाभ्यास कार्यक्रम में शहरी विकास मंत्री मदन कौशिक ने कहा कि आज भारत सबसे आगे खड़ा पूरी दुनिया को योग सिखा रहा है। विशिष्ट अतिथि मेयर मनोज गर्ग ने कहा कि योग मनुष्य के जीवन का अंग होना चाहिए। कुलसचिव प्रो. वीके शर्मा ने कहा कि मनुष्य के दिनचर्या में नियमित योगाभ्यास से शरीर और मन स्वस्थ रहते हैं। संकायध्यक्ष प्रो. ईश्वर भारद्वाज ने कहा कि विश्वविद्यालय का योग विभाग 34 साल से योग के प्रचार-प्रसार के लिए कार्य कर रहा है। आज विश्व के अनेक देशों में गुरुकुल के करीब 150 छात्र योग गुरु के रूप में काम कर रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. सुरेंद्र कुमार ने कहा कि योग भारत के ऋषि, मुनि और मनीषियों की देन है। आज दुनिया के 177 देशों ने योग अपना लिया है। जिससे विदित होता है कि भारत एक सॉफ्ट पावर के रूप में उभर रहा है। इसके मूल में गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के योग विभाग का अहम योगदान है। योगाभ्यास कार्यक्रम डा. योगेश्वर दत्त ने संपन्न कराया। इस अवसर पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में राजस्थान की रीना प्रथम, विश्वविद्यालय के सकुल गर्ग द्वितीय और अंकित कुमार तृतीय रहे।



गुरुकुल कांगड़ी विवि में योग करते कुलपति व अन्य लोग • जागरण